अमर उजाला
20-11-2025

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को बताई छात्रवृत्ति योजना

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के सभागार में स्कॉलरशिप कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में हुई। इसमें एससी/बीसी छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी गई। इसी प्रकार कॉलेज में खाद निर्माण एवं ठोस अपशिष्ट पृथक्करण विषय पर क्षमता विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसडीजी क्लब की ओर से स्वच्छ भारत अभियान के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कॉलेज परिसर में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना और सभी सदस्यों को जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार की ओर प्रेरित करना था। संवाद